महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण / समयबद्ध।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप / अनु04 / दिस0 परी0 / 2024 / 9424 **लखनऊःदिनांक– 24.12.2024**

विषयः विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2024 दिनांक 08 / 01 / 2025 को आयोजित क्यू0पी0 संख्या 2606 (द्वितीय पाली) की परीक्षा तिथि में आंशिक संशोधन करने विषयक।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत हैं कि परीक्षा समिति के निर्णय दिनांक 18.12.2024 के अनुक्रम में परिषद की विषम सेमेस्टर परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर 2024 की परीक्षाएं दिनांक–23.12.2024 से 13.01.2025 तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही हैं।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि परीक्षा के निर्विघ्न, सूचारू एंव शुचितापूर्ण रूप से संचालन के दृष्टिगत परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त दिनांक 08 / 01 / 2025 को आयोजित क्यू0पी0 संख्या 2606 Pharmacology (द्वितीय पाली) विशेष बैक पेपर की परीक्षा तिथि परिवर्तित करते हुए उक्त विषय की परीक्षा दिनांक 15 / 01 / 2025 को (प्रथम पाली) में आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

क्रम सं0	**पूर्व में निर्धारित तिथि**	**संशोधनोपरान्त निर्धारित तिथि**	**प्रश्नपत्र संख्या**	**विषय।**
01	08 / 01 / 2025 (द्वितीय पाली)।	15 / 01 / 2025 (प्रथम पाली)	2606	Pharmacology

अतः निर्देशित किया जाता है कि परिवर्तित तिथि के संबंध में छात्र / छात्राओं को अवगत कराते हुए परिषद द्वारा जारी अद्यतन एडमिट कार्ड, वेरीफिकेशन फार्म एवं नामावली समयान्तर्गत परिषद वेबसाइट से डाउनलोड कर समस्त छात्र / छात्राओं को हस्तगत करा दिये जायें। उक्त कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। अन्यथा की स्थिति में यदि कोई छात्र / छात्रा एडमिट कार्ड एवं परीक्षा तिथि की जानकारी के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था के प्रधानाचार्य / निदेशक का होगा।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0ः प्राशिप / अनु04 / दिस0 परी0–2024 / 9425–29 **तद्दिनांक–24.12.2024**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र दौराला मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. केन्द्र अधीक्षक, परिषद द्वारा विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर–2024 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र।
5. संबंधित अनुभाग प्रभारी 01, 02, 03 एवं कम्प्यूटर अनुभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अजीत कुमार मिश्र)